प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 10.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

.........................

- राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट के दूसरे दिन आज प्रवासी राजस्थानी कॉन्क्लेव सहित विभिन्न कार्यक्रम।
- मुख्यंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा, महिलाएं आगे बढेंगी, तभी देश आगे बढेगा–राज्य सरकार के कार्यकाल की पहली वर्षगांठ पर महिलाओं को मिलेगी कई सौगाते।
- अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस आज।
- प्रदेश में सर्दी के तेवर तेज– मौसम विभाग ने अगले तीन–चार दिनों के लिए शीतलहर का यलो अलर्ट जारी किया।

.........................

जयपुर में चल रहे राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट के दूसरे दिन आज प्रवासी राजस्थानी कॉन्क्लेव आयोजित किया जा रहा है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा केन्द्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर इसमें शिरकत करेंगे। उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन राठौड भी इसमें हिस्सा लेंगे। इसके अलावा यूके, दुबई के प्रवासी संगठनों के अध्यक्ष, नेपाल के सांसद और पीरामल इंन्डस्ट्रीज के अध्यक्ष भी शामिल होंगे। इस दौरान प्रवासियों से जुडे विभिन्न सत्र और पैनल डिस्कशन होंगे।

.........................

इससे पहले मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने समिट के पहले दिन कल राजनयिकों, देश विदेश के उद्योगपतियों और निवेशकों से मुलाकात की। उन्होंने जापानी राजदूत केइची ओनो, स्विटजरलेण्ड की राजदूत माया तिसाफी तथा पोलैण्ड की डिप्टी स्पीकर जियेदजिला से प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की।
रीजनल वॉटर सिक्योरिटी टेक्नोलॉजी एण्ड गवर्नेंस सत्र को संबोधित करते हुए केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि कुशल जल प्रबंधन आज की अहम जरूरत है। उन्होंने कहा कि अपशिष्ट जल का उपचार और उसका पुर्नउपयोग किया जाना वर्तमान समय की मांग है। इसके लिए ड्रिप सिंचाई और स्प्रिंकलर सिस्टम को बढावा देने की जरूरत है। समिट में पर्यटन पर भी विशेष सत्र हुआ। 'एम्ब्रेसिंग डायवरसिटी– प्रमोटिंग इनक्लूसिव टूरिज्म' विषय पर हुए इस सत्र में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि पर्यटन केवल व्यवसाय का जरिया नहीं है ये हमारी संस्कृति और हमारे अनुभवों को साझा करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रदेश में रिपिट टूरिज्म को बढावा देना है। वहीं एक अन्य सत्र में केन्द्रीय खान और कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढाने में खनन क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने पारदर्शिता के साथ सस्टेनेबल खनन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज खनन क्षेत्र राज्य में 35 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार दे रहा है। वहीं केन्द्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि राजस्थान में केन्द्र की सहभागिता के साथ दो हजार मेगावाट क्षमता के नये सोलर पार्क स्थापित करने की मंजूरी दे दी गई है।

.........................

वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में 12 से 15 दिसंबर तक प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन होंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल जयपुर में बताया कि इस अवसर पर महिला किसान और मजदूर कल्याण सहित कई कार्यक्म होंगे। उन्होंने कहा कि महिला निधी बैंक के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को 100 करोड़ रूपये का ऋण वितरित किया जायेगा।

सवा लाख छात्राओं को साईकिले वितरित की जायेंगी। इसके साथ ही 21 हजार बालिकाओं को स्कूटी दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाएं आगे बढेंगी तभी देश आगे बढेगा।

.........................

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि सरकार की योजना अगले तीन वर्षों में बीमा सखी या बीमा एजेंटों की नियुक्ति करने की है। पानीपत में बीमा सखी योजना के शुभारंभ के अवसर पर उन्होंने कहा कि इस साल 25 हजार बीमा सखियों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक महिला बीमा एजेंट स्वयंसेवी को पहले वर्ष में प्रतिमाह सात हजार रुपये, दूसरे वर्ष में प्रतिमाह 6 हजार रुपये और तीसरे वर्ष में प्रतिमाह पांच हजार रुपये दिये जाएंगे।

.........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल पानीपत से बीमा सखी योजना की शुरूआत की थी ।

.........................

संजय मल्होत्रा भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में कल कार्यभार ग्रहण करेंगे। उनकी नियुक्ति इस पद पर तीन साल के लिए की गई है।
1990 बैच के राजस्थान कैडर के आईएएस अधिकारी श्री मल्होत्रा वर्तमान में वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव के पद पर कार्यरत हैं। वे शक्तिकांत दास का स्थान लेंगे। 33 वर्षों से अधिक के करियर में उन्होंने बिजली, वित्त और कराधान, सूचना प्रौद्योगिकी और खान सहित अन्य क्षेत्रों में कार्य किया है।

.........................

आज अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस है। पूरी दुनिया में मानवाधिकारों के संरक्षण और हितों की रक्षा के लिए ये दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। इस कार्यक्रम का विषय – **मानसिक सेहत–कक्षा से कार्यस्थल तक तनाव से निपटना** है।
राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की कार्यवाहक अध्यक्ष विजया भारती सयानी ने देश में मानवाधिकारों की संस्कृति को बढ़ावा देने और इसके संरक्षण के लिए लोगों से आह्वान किया है। श्रीमती सयानी ने कहा कि मानवाधिकार दिवस मजबूती से यह याद दिलाता है कि प्रत्येक व्यक्ति का जन्म उसके मौलिक अधिकारों के साथ हुआ है जिन्हें उससे अलग नहीं किया जा सकता।

.........................

यूपीएससी ने आईएएस मेन्स 2024 का परिणाम जारी कर दिया है। इसमें 2 हजार 845 सफल अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए चुने गये है। इधर राजस्थान हाईकोर्ट ने जिला जज सीधी भर्ती 2024 के लिए आयोजित प्रारम्भिक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है।

.........................

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का सातवां संस्करण कल से शुरू होगा। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जम्मू स्मार्ट इंडिया हैकाथन 2024 – सॉफ्टवेयर संस्करण के कल से शुरु हो रहे ग्रैंड फिनाले की मेजबानी करने जा रहा है। इसमें देशभर की तीस टीमें भाग लेंगी । जयपुर की मणिपाल यूनिवर्सिटी को भी स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2024 के ग्रैंड फिनाले की मेजबानी के लिए नोडल सेंटर के रूप में चुना गया है। इस पाँच दिवसीय हार्डवेयर–आधारित हैकाथॉन में 56 महिलाओं सहित 156 प्रतिभागी भाग लेंगे। इनमें देश भर के विभिन्न संस्थानों और विश्वविद्यालयों के 35 मेंटर भी शामिल हैं। इस हैकाथोन के माध्यम से विभिन्न मंत्रालयों और संगठनों हार्डवेयर से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का समाधान खोजा जाएगा।

.........................

प्रदेश में सर्दी के तेवर तेज हो गए है। देश के उत्तरी राज्यों के पहाड़ी इलाकों में हुई बर्फबारी के साथ ही प्रदेश में ठण्ड़ तेज हो गई हैं। अधिकांश स्थानों पर सुबह शाम ठिठुरन और गलन का एहसास हो रहा है। कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री सैल्सियस की गिरावट दर्ज हुई है। मौसम केन्द्र जयपुर ने अगले तीन–चार दिनों तक शीतलहर का यलो अलर्ट जारी किया है। माउंटआबू में आज न्यूनतम तापमान

1 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। चूरू में भी कडाके की सर्दी का असर है। हमारे संवाददाता ने बताया कि ठण्डी हवाओं ने गलन बढा दी है।

.........................